माँ ने कर दिया माला माल

मुझे कर दिया माला माल , जय हो मईया की
जय जय बोलो मईया की , माँ वैष्णो रानी मईया की
दिया जितनी न औकात , जय हो मईया की
मुझे कर दिया माला माल , जय हो मईया की

काठी बंगला गाड़ी दे दी कारोबार दिया है
दौलत शौहरत दी संग में अच्छा परिवार दिया है
जय हो मईया की , जय जय बोलो मईया की
मुझे कर दिया माला माल , जय हो मईया की

सारे जग में धूम मची है चर्चे दुनिया भर में
मात पिता के रूप में मईया , तू ही है घर घर में
जय हो मईया की , जय जय बोलो मईया की
मुझे कर दिया माला माल , जय हो मईया की

कलकत्ते में काली तू , जम्मू में पहाड़ो वाली
गुड़गावा में शीतला रानी , शीतल करने वाली
जय हो मईया की , जय जय बोलो मईया की
मुझे कर दिया माला माल , जय हो मईया की

आंधी तुफानो में मोहन कौशिक , हार न होती
हरीश कभी दुख की घड़ियां , माँ को स्वीकार ना होती
जय हो मईया की , जय जय बोलो मईया की
मुझे कर दिया माला माल , जय हो मईया की

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15378/title/maa-ne-kar-diya-mala-maal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |